राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
बीज भवन, पूसा परिसर
नई दिल्ली-110012

संख्या: संख्या: 1-14(2017-18)/हिन्दी पखवाड़ा/एनएससी दिनांक: 07 सितम्बर, 2017

**परिपत्र**

**विषय: वर्ष 2017-18 के लिए हिन्दी पखवाड़े के दौरान प्रतियोगिताओं का आयोजन।**

एनएससी, मुख्यालय तथा क्षेत्रीय एवं प्रक्षेत्र कार्यालयों तथा फार्मों में 14 सितम्बर, 2017 से 28 सितम्बर, 2017 तक हिन्दी पखवाड़ा मनाया जाएगा तथा पखवाड़ा समापन समारोह 28 सितम्बर, 2017 को आयोजित किया जाएगा। हिन्दी पखवाड़े के दौरान मुख्यालय में आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं का विवरण इस प्रकार है:-

**1. हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता (14 सितम्बर, 2017) (क, ख एवं ग ग्रुप के कार्मिकों के लिए)**

यह प्रतियोगिता 14 सितम्बर, 2017 को आयोजित की जाएगी । प्रतियोगिता की अवधि दो घंटे की होगी और 14 सितम्बर, 2017 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से 12.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के **इच्छुक कार्मिक 12 सितम्बर, 2017 तक अपना नामांकन राजभाषा कक्ष को भिजवा दें। कृपया इस प्रतियोगिता में निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें:-**

1. इसमें हिन्दी के सामान्य ज्ञान, व्याकरण, हिन्दी अनुवाद, हिन्दी साहित्य के ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे जाएगें।

**2. हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता (28 सितम्बर, 2017) (सभी श्रेणियों के कार्मिकों के लिए)**

यह प्रतियोगिता **28 सितम्बर, 2017 को** हिन्दी पखवाड़ा समापन के अवसर पर आयोजित की जायेगी तथा प्रतियोगिता के समाप्त होने के तुरंत बाद कविता पाठ प्रतियोगिता के पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की जाएगी। **इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी जो इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हों, अपनी टाईप की हुई कविता की पॉच प्रतियां राजभाषा कक्ष को 22 सितम्बर, 2017 तक अवश्य भिजवा दें। कृपया इस प्रतियोगिता में निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें:-**

1. प्रतियोगी अपनी लिखी हुई (स्वरचित) या किसी अन्य कवि की लिखी हुई कविता का पाठ कर सकता है, लेकिन अपनी लिखी हुई कविता के लिए 100 में से 10 अंक सुरक्षित रखे जाएंगे। अपनी लिखी हुई कविता (स्वरचित) के संबंध में प्रतियोगी को घोषणा करनी होगी कि यह कविता उसके स्वयं के द्वारा लिखी हुई है।
2. जो प्रतियोगी बिना देखे अर्थात याद करके (कठंस्थ) कविता का पाठ करेंगे, उनके लिए भी 100 में से 05 अंक सुरक्षित रखे जाएंगे।
3. जो प्रतियोगी शुद्ध उच्चारण तथा कविता के विषय के अनुसार समुचित हाव-भाव के साथ कविता का पाठ करेंगे, उनके अंकों में वरीयता दी जायेगी।
4. कविता अधिक लंबी न होकर, पांच-सात मिनट में पढ़ी जा सकने वाली होनी चाहिए।

उल्लिखित दो प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त वर्ष 2012 से अखिल निगम स्तर पर एक **"हिन्दी निबंध प्रतियोगिता"** का आयोजन भी किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता प्रसिद्ध सांसद और हिन्दी के जाने-माने विद्वान एवं लेखक स्वर्गीय शंकर दयाल सिंह की स्मृति में हर साल आयोजित की जाती है। इसे देखते हुए मुख्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर अलग से हिन्दी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन **नहीं** किया जायेगा। अखिल एनएससी स्तर पर आयोजित की जा रही हिन्दी निबंध प्रतियोगिता का इस वर्ष का विषय है- ***-"राष्ट्रीय खाद्यान्न में एनएससी के बीजों का योगदान"।***

इस विषय पर निबंध के मुख्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तारीख 20 सितम्बर, 2017 है। इस संबंध में दिनांक 07 सितम्बर, 2017 का समसख्यंक परिपत्र पहले ही जारी किया जा चुका है।

**उल्लिखित चारों प्रतियोगिताओं में हिन्दीतर भाषा भाषी अधिकारियों/कर्मचारियों के प्राप्तांक में हिन्दी भाषी अधिकारियों/कर्मचारियों के प्राप्तांक की तुलना में 20 प्रतिशत अंक बोनस स्वरूप जोड़ दिए जाएंगे। हिन्दीतर भाषी भाषियों में असमिया, मणिपुरी, उड़िया, बांग्ला, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, नेपाली, कोंकणी अथवा कश्मीरी मातृभाषा भाषी आते हैं।**

उल्लिखित चारों प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह के अवसर पर पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। मुख्यालय के जो भी अधिकारी/कर्मचारी उक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहते हैं, **वे संलग्न प्रपत्र में अपना आवेदन पत्र भर कर अपने विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष की संस्तुति के साथ मुख्यालय के राजभाषा कक्ष को निर्धारित तारीख या इससे पूर्व अवश्य भिजवा दें।**

दसों क्षेत्रीय कार्यालयों अर्थात बैंगलुरू, भोपाल, चंडीगढ, चैन्ने, जयपुर, लखनऊ, कोलकाता, पुणे, पटना एवं सिकन्दराबाद तथा पांचों फार्मों अर्थात सूरतगढ, सरदारगढ, जैतसर, हिसार एवं रायचूर, को हिन्दी पखवाडा मनाने के लिए सक्षम अधिकारी द्वारा रु. 3000/- प्रति कार्यालय स्वीकृत किए गए हैं। **सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों तथा फार्म प्रमुखों से अनुरोध है कि वे उल्लिखितानुसार 14 सितम्बर, 2017 से 28 सितम्बर, 2017 तक हिन्दी पखवाड़ा मनाएं तथा क्षेत्रीय प्रबंधक अपने अधीनस्थ प्रक्षेत्र कार्यालयों को भी इसमें शामिल करें।** प्रतियोगिताओं और पुरस्कारों का निर्णय क्षेत्रीय प्रबंधक तथा फार्म प्रमुख अपनी आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए स्वंय करें और ऐसा करते समय इस कार्य के लिए उन्हें आंबटित की गई राशि का ध्यान रखें। **हिन्दी पखवाड़े के आयोजन के बाद कृपया चित्र सहित पखवाड़ा आयोजन की रिपोर्ट का विवरण मुख्यालय को रिकार्ड के लिए भिजवाएं तथा पखवाड़े के दौरान दिए गए पुरस्कारों पर खर्च की गई राशि का विवरण भी मुख्यालय के राजभाषा कक्ष को उक्त रिपोर्ट के साथ भिजवाएं।**

सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से जारी।

(दीपिका रानी)
सहायक प्रबंधक (राजभाषा)

**संलग्न: आवेदन पत्र का प्रारूप (केवल मुख्यालय के लिए)**

**वितरण:**

1. मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्षों एवं अनुभागाध्यक्षों को इस अनुरोध के साथ कि वे कृपया अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को इस परिपत्र की विषयवस्तु से अवगत करवा दें तथा उल्लिखित प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए उन्हें प्रेरित करें।
2. क्षेत्रीय प्रबंधक, बैंगलुरु, भोपाल, चंडीगढ, चैन्ने, जयपुर, लखनऊ, कोलकाता, पुणे, पटना एवं सिकन्दराबाद एवं फार्म प्रमुख, सूरतगढ, सरदारगढ, जैतसर, हिसार एवं रायचूर, एनएससी को इस अनुरोध के साथ कि वे उल्लिखितानुसार क्षेत्रीय तथा फार्म स्तर पर हिन्दी की दो प्रतियोगिताओं का आयोजन करें तथा हिन्दी दिवस समापन समारोह वाले दिन पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करें। इन आयोजनों के समुचित फोटोग्राफस सहित एक संक्षिप्त रिपोर्ट मुख्यालय के राजभाषा कक्ष को भिजवाए। संभव हो तो इन आयोजनों की रिपोर्ट स्थानीय हिन्दी अखबारों में प्रकाशित करवा कर उसकी कटिंग भी भिजवाएं। हिन्दी पखवाड़े के दौरान खर्च की गई कुल राशि का ब्यौरा भी मुख्यालय के राजभाषा कक्ष को भिजवाए।
3. सूचना तकनीक कक्ष- परिपत्र को एनएससी की वेबसाइट में "हिन्दी कक्ष" शीर्षक के अंतर्गत अपलोड करने हेतु।
4. सूचना पट्ट।

**प्रतिलिपि:**

1. निदेशक (वाणिज्यिक)/निदेशक (वित्त) को समारोह के दौरान मंच की शोभा बढ़ाने हेतु अनुरोध के साथ।
2. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के निजी सचिव को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के सूचनार्थ एवं समारोह की अध्यक्षता करने हेतु अनुरोध के साथ।

**केवल मुख्यालय के लिए**

सहायक प्रबंधक (राजभाषा)
राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड,
बीज भवन, पूसा परिसर
नई दिल्ली-110012

**विषय: हिन्दी की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए आवेदन।**

महोदय,

दिनांक 07 सितम्बर, 2017 के परिपत्र संख्या 1-14(2017-18)/हिन्दी पखवाड़ा/एनएससी के अनुसरण में मैं निम्नलिखित प्रतियोगिता/प्रतियोगिताओं में भाग लेने का इच्छुक हूँ:-

1) हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता।
2) हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता। (मेरी कविता की पाँच प्रतियाँ संलग्न हैं- अंतिम तिथि - 22 सितम्बर, 2017)

**(उल्लिखित प्रतियोगिताओं में से जिन-जिन प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहते हों, उन पर सही का निशान लगाएं)**

1. नाम: ..................................................................................
2. पदनाम : ..................................................................................
3. विभाग/अनुभाग का नाम ..................................................................................
4. मातृभाषा: ..................................................................................

भवदीय/भवदीया

(........................................)

**प्रभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष की संस्तुति**